Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 26-04-2022 अंक 208

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

चौपारण प्रखंड अंतर्गत हथिया निवासी हाशिम अंसारी उम्र 55 वर्ष पिता हमीद मियां सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसर हामिद अंसारी अपने बाइक से कुछ काम से सिंघरावा आए हुए थे इसी क्रम में तेज गति से आ रही कर ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं आस पास के लोगो के सहयोग से घायल को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।



**APEM LIVE**

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय को डॉ सुनील कुमार यादव ने उपलब्ध कराए 152 ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें

## ज्ञान का खजाना होता है पुस्तकालय , नियमित करें विजिट : डॉ सुनील यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के वरिष्ठ शिक्षक डॉ सुनील कुमार यादव ने मंगलवार को अपने स्तर से 152 पुस्तकें उपलब्ध कराया । मंगलवार को पुस्तकालय पहुंचकर डॉ सुनील कुमार यादव ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सचिव कृष्णा प्रजापति को सभी पुस्तकें बतौर दान भेंट की। पुस्तक दान करते हुए डॉ यादव ने कहा की मैं स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के विकास के लिए हमेशा से संकल्पित हूँ और आगे भी रहूंगा। मैं पुस्तकालय को और भी जरूरत के अनुसार उपयोगी पुस्तके उपलब्ध कराता रहूंगा । ताकि गरीब एवं मेधावी बच्चे पुस्तकालय आकर पुस्तक का अध्ययन कर सकें। उन्होंने कहा कि पुस्तकें तो सभी के पास होते हैं। जिसका समुचित उपयोग घर पर नहीं हो पाता है। लेकिन यदि वही पुस्तकें पुस्तकालय में पहुंचा दिया जाय तो उस पुस्तक से कितने लोग ज्ञान अर्जन कर पाएंगे । डॉ सुनील कुमार यादव के द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकों के संदर्भ में सचिव कृष्णा प्रजापति ने बताया की डॉ यादव एक जाने माने शिक्षाविद हैं । शिक्षा के क्षेत्र में उनके काफी योगदान हैं। पुस्तकालय के विकास में उनकी सक. ारात्मक सोच पुस्तकालय के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर गौरियकर्मा प्रॉजेक्ट उच्च विद्यालय के शिक्षक हिमांशु कुमार बमबम , स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सक्रिय सदस्य प्रोफेसर हीरामन साहू, कार्यालय प्रभारी राज आर्यन छोटी एवं सह प्रभारी प्रख्यात कुमार उर्फ सेतू, सोनू पंडित मुख्य रूप से मौजूद थे।




पुस्तकालय को पुस्तक उपलब्ध कराते डॉ सुनील कुमार यादव







सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## जामुखांडी में 1 मई से प्रारंभ होगा श्री श्री 108 शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ, 7 मई तक चलेगा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चंदवारा प्रखंड अंतर्गत जामुखांडी में 1 मई दिन रविवार से 7 मई तक श्री श्री 108 शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय कार्यक्रम में आचार्य विशेश्वर पाण्डेय के द्वारा प्रायश्चित स्नान, जल यात्रा एवं जलमातृका वरुण पूजन के साथ सात दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ होगा। वहीं सोमवार संध्या में पूज्य देवी मधु श्री उपाध्याय के द्वारा प्रवचन किया जाएगा। मंगलवार को गौरी गणेश पूजन, रूद्रपीठ, बेदी पूजन, मंडप पूजन, अग्नि प्रतिष्ठा, अन्नाधिवास, हवन, संध्या प्रवचन पूज्य देवी श्री मधु उपाध्याय द्वारा, बुधवार को गौरी गणेश वेदी पूजन, मंडप पूजन, रूद्रपीठ, फला. धिवास, पुष्पाधिवास, हवन एवं संध्या में देवी मधु उपाध्याय के द्वारा प्रवचन, गुरुवार को गौरी गणेश पूजन वेदीपूजन, मंडप पूजन पंचामृतिधिवास, घृतधारी, महास्नान, हवन, नगर भ्रमण, श्याधिवास इत्यादि आचार्य श्री विशेश्वर पांडेय के द्वारा वही शुक्रवार को पूजा के बाद हरी कीर्तन का आयोजन, शनिवार को पूजा के बाद ब्राह्मण भोजन, महाप्रसाद वितरण एवं भंडारा इत्यादि। वहीं यज्ञ के अंतिम दिन सुपर स्टार नागपुरी खोरठा गायक सतीश दास के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी संदीप यादव ने दी है।

## स्क्रूटनी में खोड़ाहर पंचायत के वार्ड नं 6 का नामांकन रद्द

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के वार्ड नं 6 के प्रत्याशी ननकी देवी पति कृष्णा भुइयां का नामांकन स्क्रुटनी के दौरान रद्द कर दिया गया। वहीं निर्वाची पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंद्वार ने बताया की खोड़ाहर पंचायत के वार्ड नं 6 अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित था। जाति प्रमाण पत्र जमा नही रहने के कारण इनका नामांकन रद्द कर दिया गया।

## स्क्रूटनी के दौरान डपोक पंचायत से पंसस प्रत्याशी अफसरी खातुन का नामांकन रद्द

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी अफसरी खातून पति जाबिर अंसारी का नामांकन स्क्रूटनी के दौरान रद्द कर दिया गया। अफसरी खातून द्वारा दायर नामांकन पर्चा में जन्मतिथि में अंतर पाया गया था। जिसके कारण नामांकन रद्द कर दिया गया। ज्ञात हो कि मुखिया पद के लिए भरे गए सभी का नामांकन सही पाया गया। 27 एवं 28 को नाम वापसी की तिथि है। उसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा।




## दिव्यांग जांच शिविर में 40 दिव्यांगों की हुई जांच, पूर्व से बने 59 में 37 सर्टिफिकेट का हुआ वितरण

### दिव्यांगों के कटेगरी के अनुसार लगाया गया था स्टॉल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरण करते डीएस प्रकाश ज्ञानी एवं अन्य

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम की ओर से जिला स्वास्थ्य समिति हज़ारीबाग़ की ओर से अनुमंडलीय अस्पातल बरही में दिव्यांग जांच शि. विर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 31 जनवरी को हुए दिव्यांग जांच शिविर में किए गए जांच के आधार पर बने दिव्यांग प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। शिविर में अलग अलग कटेगरी के कुल 40 दिव्यांगों ने अपनी फॉर्मेट जमा की। इनमे हड्डी में 29, मेंटल 8, नेत्र 3 शामिल है। जांच प्रतिनियोजित विशेषज्ञ चिकित्सको के द्वारा किया गया। मौके पर 31 जनवरी को हुए में जांच के आधार पर 59 दिव्यांगों का मिले प्रमाणपत्रों में 37 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र दिया गया। प्रमाण पत्र का वितरण डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, हेड लिपिक पंकज कुमार के द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। मनोचिकित्सक विभाग के लिए एएनएम बिभा कुमारी एवं बिटीटी रीमा पांडेय ईएनटी के लिए एएनएम संजू प्रकाश सिंह एवं मेनका कुमारी, अस्थि रोग की जांच के लिए हीरा कुजूर एवं निकिता सिन्हा ,नेत्र सर्जन में कृतिलता कुमारी एवं कुमारी संजू रानी, ऑडियोलॉजिस्ट में स्वस्थ्यकर्मी इंदु कुमारी एवं सहिया साथी निशि कुमारी,कंप्यूटर ऑपरेटर की जिम्मेदारी पंकज कुमार एवं जावेद अख्तर, बीपी एवं अन्य जांच शांति कांडूलूना, मीणा कुमारी, पंजीयन के लिए सावित्री कुमारी एवं आरेजहाँ, दिव्यांग सर्टिफिकेट वितरण का कार्य महादेव राम एवं कुलदीप कुमार का अहम योगदान रहा। इसके अलावे मो इरशाद, अब्दुल्ला अंसारी, बिनोद कुमार ने भी सहयोग किया।

## विकास की गंगा बहाना मेरी पहली प्राथमिकता : प्रदीप कुमार

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा, गिरिडीह : पिहरा पश्चमी पंचायत से मुखिया उम्मीदवार के रूप में प्रदीप कुमार ने बैंड बाजा एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन करवाने गया और नामांकन पर्चा भरा। इस दौरान काफी समर्थक नाचते गाते नजर आए और प्रदीप कुमार जिंदाबाद, गांव का मुखिया कैसा हो प्रदीप कुमार जैसा हो आदि नारो से पूरा जुलूस गूंज उठा। इस दौरान प्रदीप कुमार ने कहा है कि मुखिया बनकर पंचायत में विकास की गंगा बहाना हमारी पहली प्राथमिकता है। कहा कि विकास ऐसा होगा कि यहां की जनता को हर तरह के सरकारी योजनाओं के लाभ मिल सकें। साथ ही उन्होंने पंचायत की जनता से अपील किया कि चुनाव में अपना कीमती मत देकर सेवा करने का मौका दें ताकि विभिन्न अधूरे कार्यों को पूरा करते हुए पिहरा पश्चमी पंचायत को विकसित गांव बनाया जा सके।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर




## पंचायत का करूँगी सर्वागींण विकास सबको मिलेगा सरकारी लाभ : रेणु देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पंचायत चुनाव के पहले चरण का नामांकन सम्पन्न हो गया है। चुनावी मैदान में उत्तर उम्मीदवार अपने जीत के प्रत्ति जोर आजमाइस शुरू कर दिए है। अपने मजबूत इरादों के साथ चुनावी मैदान में पंचमाधव पंचायत से इस बार रेणु देवी उत्तरी है। रेणु देवी लगातार क्षेत्र में घूम कर जनसंपर्क अभियान चला रही है । अपेम लाइव बरही से वार्ता कर रेणु देवी ने कहा कि जनता का भरपुर जनसमर्थन मिल रहा है। हमारी उम्मीदवारी से जनता में खुशी का माहौल है। कहा जनता अगर हम मौका देती है तो हम पंचमाधव पंचायत का सर्वागींण विकास करूँगी। सबको साथ लेकर चलूंगी सबका करूँगी सम्मान। कहा हम अगर चुनाव जीतते है तो पंचायत के हरेक जरूरतमंदों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने का कार्य करूँगी। समाजसेवी रा. जेन्द्र यादव ने कहा कि रेणु देवी को सभी वर्गो का जनसमर्थन मिल रहा है।

## थमा नामंकन का शोर, उम्मीदवार लगाएंगे जीत का जोर

### मुखिया 182, पंसस 124, जिला परिषद 19 व वार्ड सद्स्य के लिए 561 उम्मीदवार ने कराया नामांकन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




पहले चरण के नामांकन प्रकिया समाप्त हो गया है। पंचायतवार उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी पेश कर चुनावी मैदान में कूद चुके है। दो दिनों तक चले स्कूटनी के बाद उम्मीदवारों का चेहरा साफ हो जाएगा। प्रखण्ड के 26 पंचायतों से मुखिया के कुल 182 उम्मीदवारों ने नामांकन करवाया जिसमे 99 महिला व 83 पुरूष शामिल है। पंचायत समिति सदस्य के लिए कुल 124 उम्मीदवारो ने नामंकन भरा जिसमे 63 महिला व 61 पुरूष शामिल है। वार्ड सदस्य के रूप में कुल 562 उम्मीदवारो ने नामांकन किया। वही प्रखण्ड के तीन जिला परिषद क्षेत्रो से 9 महिला व 10 पुरुष सहित कुल 19 उम्मीदवारो ने नामांकन कर चुनावी मैदान में जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तैयार है। बीते 16 अप्रैल से 23 अप्रैल तक नामांकन के दौरान पंचायतो से लेकर प्रखण्ड मुख्यालय तक शोर गुल होते रहा। उम्मीदवार नामंकन के दौरान भीड़ इकठ्ठा कर शक्ति प्रदर्शन के साथ अपनी उम्मीदवारी से विरोधियों के मनोबल को गिराने का खूब जोर आजमाइश चलता रहा। इधर नामांकन का शोर थमने के बाद उम्मीदवार अब जीत कि संभावनाओं को तलाशने के लिए घर गाँव मे घूमना शुरू कर दिए है। घर गांव में उम्मीदवार जोड़तोड़ की राजनीति शुरू करेंगे। स्कूटनी के बाद उम्मीदवारो को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा जिसके बाद उम्मीदवारो के जनसम्पर्क में तेजी आएगा। पंचायत के लगभग पंचायत में एक दो वार्ड सदस्य ऐसे है जहां से निर्विरोश निर्वाचित हुए है। बहरहाल अब आने वाला 14 मई तक करेगा कि कौन उम्मीदवार जनता के उम्मीदों पर खरा उतरते है और कौन उम्मीदवार जनता के कसौटी पर विफल हो जाते है।






सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गर्म हवा और लू अपने उफान पर सड़कें वीरान केवल सुबह शाम आवाजाही

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है इसका मुख्य कारण ओवरलोड और बगैर हेलमेट, बगैर सीट बेल्ट लगाए वाहन को अनियंत्रित गति में भगाना मानी जा रही है। तेज गर्मी और लू के कारण सड़कें दोपहर को वीरान हो जाती है ऐसे में कोई वाहन दुर्घटना का शिकार होती है तो उनपर जब तक किसी की नज़र पड़ती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए प्रयास करें की जब भी आपको यात्रा करनी हो सावधानी पूर्वक और नियंत्रित गति से अपने वाहन को भगाएं। इन दिनों लू एवं गर्म हवाओं का प्रकोप बहुत जोरों पर है ऐसे में लू और गर्म हवाओं से बचाव के तरीके को अपनाना बेहद ही जरूरी है, आइए जानें की लू और गर्म हवाओं से बचने के लिए क्या क्या उपाय करें जिससे आपका सेहत सुरक्षित रह सके-- गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव :-शरीर में पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी महसूस होना, सिरदर्द, चक्कर आना, हृदयाघात (हार्ट अटैक), मस्तिष्कघात (ब्रेन हेमरेज), कार्डियोवैस्कुलर जटिलता जैसे लक्षण। लू और गर्म हवाओं के चपेट मे आने से बचने के लिए इनका नियमित सेवन करें :-नमक चीनी का घोल (तीन भाग चीनी और एक भाग नमक का प्रयोग करें घोल बनाने में), छांछ, नींबू पानी, आम का शरबत, लस्सी, तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, ओआरएस घोल। तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है इन सावधानियों को अपनाकर आप अपनी बचाव कर सकते हैंरू-हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने, धूप का चश्मा का इस्तेमाल करें, संभव हो तो सिर और गर्दन तक को तौलिया या गमछा से ढक कर रखें, जूते या चप्पल पहने। गर्मी में हिट स्ट्रोक से बचने के लिए पानी या शीतल पेय ज्यादा पिएं। घर से बाहर निकले तो अपने शरीर को कवर कर के निकले। अगर आपको लू लगे व्यक्ति पर नज़र पड़े तो तुरंत उसे छांव में लिटा दें और अगर उसके शरीर पर तंग (टाइट) कपड़े हो तो उसे ढीला कर दे या हटा दें। लू लगे व्यक्ति के शरीर को गीले ठंडे कपड़े से पोंछे या ठंडे पानी से नहलाएं। लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक कोई सुधार न हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं। लू और गर्म हवाओं से बचने के लिए सावधानी ही बचाव है इसलिए सावधान रहें स्वस्थ रहें और सुरक्षित रहें।

## बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने फँसे बछड़े को निकाला

**अपेम लाइव : बिरनी**

**सब्बा अहमद**



बिरनी : प्रखण्ड कार्यालय परिसर में बन रहे आवासीय बिल्डिंग के निर्माणाधीन स्थल में शाम 6 बजे गाय का बछड़ा गिर गया और रात भर चिल्लाता रहा लेकिन वहाँ काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि हमलोग निकलने का प्रयास किये लेकिन रात हो जाने की वजह से उसे नही निकाल सके रातभर जोर जोर से बछड़ा चिल्लाने के बावजूद बछड़े के मालिक ने बछड़े को खोजने का प्रयास नही किया गढ्ढे में बछड़ा गिरे होने की सूचना वहाँ के स्थानीय लोगों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सुबह 10 बजे दी तो सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निर्माणाधीन स्थल पहुंचे और फसें बछड़े को बड़ी मसक्कत के बाद निकाल पाए बजरंग दल कार्यकर्ता परवीन कुमार ने बताया कि आवासीय बिल्डिंग बनाने के लिए ठेकेदार ने जो नीव खोदा है उसी नीव में गाय का बछड़ा गिर गया था। बछड़े को निकाला गया प्रवीण कुमार ने बताया कि किसी भी सेवा कार्य में बजरंगदल के कार्यकर्ता तैयार रहते हैं जिसमें प्रमोद कुमार, विनय संगम, सदानन्द बर्णवाल ,चिंतामणि बैठा, बहादुर बैठा ,भीखन दास,पप्पू कुमार आदि लोगों ने सहयोग किया ।

## नामांकन के दूसरे दिन 48 वार्ड सदस्य 24 मुखिया का नामांकन पत्र का हुआ बिक्री

### एक मुखिया प्रत्याशी ने किया नामांकन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद कुमार सिंह,**



कान्हाचट्टी :- प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तीसरे चरण का नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गया है। नामांकन के दूसरे दिन प्रखंड कार्यालय में मुखिया के 24 व वार्ड सदस्य के 48 नामांकन पत्र की बिक्री हुआ। अभी तक मुखिया के कुल 57 व वार्ड सदस्य के 50 आवेदन बिका है। नामांकन के दूसरे दिन मुखिया के लिए जमरी बक्सपुरा पंचायत से बजरंगी कुमार यादव ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं पहली बार चुनाव लड़ रहा हू,वर्तमान के प्रतिनिधि आज अपना अपना विकास करने में लगे हुए है। चुनाव जीतने के बाद जनता के सरोकारों से दूर चले जाते है,भ्र्ष्टाचार चरम पर है,मेरा पहली प्रा. थमिकता भृष्टाचार मुक्त पंचायत का होगा आम लोगों के सरोकारों से जुड़ी कार्यो को प्रथमिकता दिया जाएगा। महिलाओं और युवाओ का विशेष ख्याल रखा जाएगा, जीतने के बाद मेरा पहला उद्देश्य पंचायत में एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराना होगा।

## हथियार का भय दिखाकर माइक्रो फाइनेंस कर्मी से 32000 रुपए लुटा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के डुमरी थाना क्षेत्र के नागाबाद में सुनसान सड़क पर माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से हथियार का भय दिखाकर करीब 32000 रुपए लूटने का मामला प्रकाश में आया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कुछ नकाबपोश युवकों ने फाइनेंस कर्मी को रोड पर ओवरटेक कर रोक लिया और जमकर पिटाई कर दी और हथियार का भय दिखाकर रुपए लूट कर भाग निकला। राहगीरों ने घायल कर्मी को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। सुचना पाकर त्वरित रूप से घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस हरेक बिंदुओं पर जांच में जुटी है और अपरा. धियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। आए दिन छिनतई की घटना में इजाफा देखने को मिल रही है साथ ही गिरिडीह पुलिस घटनाओं का त्वरित उद्भेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भी पंहुचा रही है। शायद अपरा. धियों के ऊपर कानून का खौफ नहीं रहा है तभी तो घटना दर घटना को अंजाम दिए जा रहे हैं।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में 12 से 18 वर्ष के बच्चों को दिया गया वैक्सीन

### वेक्सीन लेने में बच्चों का दिखा उत्साह

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

**अमित मालाकार**




बड़कागांव - प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल में 12 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए वैक्सीनेशन कैंप लगाकर 56 बच्चों को कोरोना वै. क्सीन का डोज दिया गया। वेक्सीन लेने के समय बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने कहा कि करो ना को हराने के लिए वैक्सीन लेना अति आवश्यक है और जिस प्रकार से बच्चों में वेक्सीन लेने की उत्साह देखी जा रही है यकीनन हमारा देश कोरोना के खिलाफ जंग जीत सकेगा। वहीं प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि सभी देशवासियों व बच्चों को कोरोना का टीका लेना चाहिए ताकि हम लोग कोरोना को हरा सके। मौके पर मुख्य रूप से एएनएम आरती कुमारी, स्वास्थ्य कर्मी विद्यालय के शिक्षक चेयरमैन रंजीत कुमार आचार्य कैलाश कुमार प्रीति कुमारी,एरिका टोप्पो, विनोद नायक,अमीन अंसारी, संदीप शर्मा, अंजू कुमारी, सोनू कुमार ,मनीषा कुमारी, रश्मि बेदिया, अनु कुमारी, विकास ठाकुर सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## देवरी थाना क्षेत्र में एक्साइज का पड़ा छापा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



मंगलवार को अहले सुबह गिरिडीह जिला के देवरी थाना क्षेत्र में एक्साइज का छापा पड़ा। अधिक्षक उत्पाद गिरिडीह सुधीर कुमार ने अपेम लाइव न्यूज के गिरिडीह संवाददाता बजरंगी महतो को छापेमारी अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि देवरी थाना क्षेत्र से लगातार अवैध शराब निर्माण और बिक्री की सुचना आ रही थी। आज अहले सुबह उत्पाद निरीक्षक बिनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। देवरी थाना क्षेत्र के कारीलिटी गांव के नागो राय पिता सुभी राय के यहां छापेमारी में 1800किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया 100लीटर शराब जप्त किया गया और शराब बनाने की भट्ठी को ध्वस्त कर शराब बनाने के यंत्र को जप्त किया गया। देवरी थाना के घुठिया गांव के अनिल यादव पिता अकल महतो के यहां छापेमारी में शराब बनाने की भट्ठी को ध्वस्त किया गया 1000किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया और 50लीटरशराब औरशराब बनाने की यंत्र को जप्त किया गया। मौके से धंधेबाज भागने में सफल रहे। धारा 47(ए) के तहत दोनों धंधेबाजों पर केस दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान टीम में रामबचन प्रसाद (गार्ड प्रभारी), जयदेव प्रसाद यादव, सुरेंद्र यादव, प्रदीप यादव, योगेंद्र सिंह, सहित अमन कुमार के साथ कई जिला पुलिस बल शामिल थे।

APEM LIVE

## आर्यकर्ण निधि के सदस्य संजय को पितृ शोक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के सदस्य चुरचू ग्राम निवासी संजय साव के पिता 65 वर्षीय झम्मन साव का निधन सोमवार रात्रि 8:00 बजे रांची हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो गई। 26 मई को अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना को लेकर मृतक के पुत्र संजय



झम्मन साव

ने बताया कि मेरे पिताजी 21 अप्रैल को जमीन एवं कुआं के मुआवजा के लिए एनटीपीसी कार्यालय गए थे। आने के दौरान ब्रेन हेमरेज हो गया था ।गंभीर रूप से पैरालाइसिस मार गया था। रांची में डॉक्टर प्रसेन रंजन के पास इलाज कराया जा रहा था। निधन से आर्यकर्ण निधि के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया जिसमें मुख्य रुप से सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ,एमडी देवदीप महतो, संयोजक सरोज सोनी, विनोद सिन्हा, पवन कुमार मेहता, सिकंदर साव, चिंतामन साव, बालकृष्ण कुमार ,महेंद्र पांडे ,धर्मनाथ महतो , चोहान साव, गणेश यादव, विपिन भुइयां, सोनिया कुमारी, नेहा कुमारी के अलावा अन्य लोगों ने गहरा दुख व्यक्त के साथ शोक व्यक्त किया।

## सुमन गिरी को गणमान्य लोगों ने दी बधाई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

गोसाई बलिया निवासी भाजपा नेता सुमन गिरी को अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने खुशी जाहिर किया एवं बधाई दिया।



बधाई देने वालों में मुख्य रूप से महासंघ के प्रदेश प्रभारी पंकज कुमार मिश्रा, मिथिलेश कुमार पांडे अध्यक्ष विवेक मिश्रा, अविनाश चौबे, पत्रकार उग्रसेन गिरी, बिजय कुमार तिवारी, रामावतार पाण्डेय, मदन पाण्डेय, सचिदानंद पाण्डेय, संजय सिंह, फुल. चंद गिरी, महेन्द्र गोस्वामी, प्रमेश गिरी, दीलीप गिरी, मनीष पांडेय, बसंत नारायण तिवारी, बिनय पांडेय, मोतीलाल गिरी, परमानंद पाण्डेय, राजेश गिरी, कमलेश भारती, दिनेश्वर दुबे, लालमोहन गोस्वामी सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## पुस्तकालय भवन में पुस्तकालय निर्माण करने का कांग्रेसी नेताओं ने किया मांग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



तहसील कार्यालय के समीप बने पुस्तकालय भवन चरागाह के साथ-साथ शराबियों एवं जुआरियों का अड्डा बन गया है उक्त बातें कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कजरू साव एवं इंटक जिला महासचिव राजेश गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संयुक्त रुप से कही। दोनों नेताओं ने आगे कहा है कि उक्त पुस्तकालय भवन का निर्माण जिस उद्देश से किया गया था वह पूरा नहीं हो पाया। सिर्फ भवन निर्माण कराकर सरकारी पैसे से ठेकेदारी के साथ-साथ सरकारी संपत्ति की दुरुपयोग हो रही है। पुस्तकालय का निर्माण करा कर अच्छी पहल की गई थी लेकिन सिर्फ भवन बनाकर इसमें सरकारी पैसे की दुरुपयोग किया गया है। पुस्तकालय का निर्माण कर छात्र छात्राओं को सुविधा देने की पहल होनी चाहिए।

## विष्णुगढ़ में विश्व मलेरिया दिवस पर क्विज एवं चित्रांकन प्रतियोगिता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि

विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर नरकी स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में क्विज, स्लोगन एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बच्चों को मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, कालाजार, जेई, चिकनगुनिया आदि रोगों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा इसके बचाव के उपायों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बीच वेक्टर जनित रोगों से बचाव की जानकारी उपलब्ध कराना है। बच्चे घर जाकर अपने परिजनों को इसके बारे में बताएंगे। प्रतियोगिता के तहत बच्चों ने विविध चित्रांकन बनाकर लोगों का मन मोह लिया। सभी लोगों ने बच्चों के बनाए सुंदर चित्रों की काफी सराहना की। क्विज एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागी क्रमशः डिम्पल कुमारी, सपना कुमारी तथा खुशबू कुमारी को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक रा. जेन्द्र रजक, मलेरिया निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, एमपीडब्लू रविन्द्र उरांव, एएनएम सुजाता कुमारी, सहिया सहोदरी देवी, सहिया साथी पिंकी देवी समेत शिक्षक एवं कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## असामाजिक तत्वों ने विद्यालय के कमरे में लगाई आग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

असामाजिक तत्वों ने मंगलवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौथा के कक्षा छह के कमरे में आग लगा दी। इससे कक्षा के कुछ बेंच, दर्री तथा साफ सफाई के लिए रखा झाड़ू जलकर खाक हो गए। घटना स्कूल की छुट्टी होने के बाद लगभग दो बजे हुई। बताया जाता है कि दोपहर 12 बजे विद्यालय बंद कर शिक्षक समेत विद्यालयकर्मी घर चले गए। थोड़ी देर के बाद विद्यालय के कमरे से



विद्यालय के कमरे में जलता हुआ दरह्न समेत अन्य

निकलता धुंआ देखकर आ. सपास के लोगों ने हो-हल्ला किया। जानकारी पाकर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिलीप यादव, सीआरपी सतीश मिश्रा आदि विद्यालय पहुंचे और ताला खोलकर देखा तो कमरे में रखे दर्री तथा बेंच आदि को जलता हुआ पाया। आनन फानन में पानी लाकर आग पर काबू पा लिया गया। इससे बड़ी घटना होने से टल गई। आशंका जताई जा रही है कि असामाजिक तत्वों ने दरवाजे के नीचे से आग. जनी की घटना को अंजाम दिया।

## तल्ख गरमी और लू के थपेड़ों को भी मात रहे संभावित प्रत्याशी

## विष्णुगढ़ में दो लोगों ने कराया नामांकन, खूब बिके प्रपत्र

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड में पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। संभावित प्रत्याशियों की सरगर्मी के आगे मौसम की तल्ख गरमी और लू के थपेड़े भी फीकी पड़ रही है। तीखी धूप के बावजूद संभावित प्रत्याशी कतारबद्ध होकर नामांकन प्रपत्र खरीदारी के लिए प्रखंड कार्यालय के निर्धारित काउंटरों में देखे जा रहे हैं। सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को नामांकन प्रपत्रों की खरीदारी के लिए काउंटरों में अधिक भीड़भाड़ रही। प्रखंड मीडिया कोषांग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को मुखिया पद के लिए 92 लोगों ने नामांकन प्रपत्रों की खरीदारी की। वहीं, वार्ड सदस्य पद के लिए 135 लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। मंगलवार को वार्ड सदस्य पद के लिए दो नामांकन प्रपत्र जमा हुए। जिसमें नरकी पंचायत के वार्ड नंबर 10 से पनवा देवी तथा नागी पंचायत के वार्ड नंगर 06 से मो शहजादा का नाम शामिल है। मुखिया पद के लिए अब तक किसी ने नामांकन नहीं कराया है। गौरतलब है कि विष्णुगढ़ प्रखंड में तृतीय चरण में मतदान होना है। जिसमें नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि दो मई निर्धारित है। जमा किए गए नामांकन प्रपत्रों की समीक्षा 4 तथा 5 मई को होगी। 6 से 7 मई तक अभ्यर्थियों का नाम वापस लेने की तारीख है। वहीं, 9 मई को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन हो जाएगा। मतदान 24 मई को होगा तथा प्राप्त मतों की गणना 31 मई को की जाएगी। इस बीच माननीय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन याचिका पर भी प्रत्याशियों की नजर है। इसे लेकर अब भी कई लोगों में उपापोह की स्थिति बनी हुई है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नश्चमिनेशन सेंटर पर प्रत्याशियों के लिए सुविधा नदारद

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के लिए न०मिनेशन सेंटर बनाए गए हैं वहां न बैठने की सुविधा है और न ही पेयजल व्यवस्था है। भाकपा माले नेता क०मरेड राजेश सिन्हा ने गिरिडीह ज़िला प्रशासन से मांग कि है पानी की सुवीधा प्रत्येक न०मिनेशन सेंटर पर मिले जिससे इस गर्मी में सिर्फ कर्मी को ही नहीं बल्कि भविष्य की प्रतिनिधि को भी इस गर्मी में राहत मिले। पंचायत चुनाव में पंचायत के प्रति. निधि जहाँ भी न०मिनशन कर रहे है,न पानी की व्यवस्था है न बैठने की,जाहिर है पूरे राज्य में जो आकड़ा है उसमें उस आंकड़े को गौर से देखा जाए तो महिलाएँ पुरषों की संख्या में अधिक प्रतिनिधि हेतु आवेदन भर रही है।जा. हिर है महिलाएं भी नॉ. मिनेशन के समय घंटो बैठी रहती है,जमीन पर तो कहीं सीढ़ी के पास तो कहीं धूप में,ऐसा आप सब भी फील करते होंगे।
यदि जिला प्रशासन हरेक नॉमिनेशन सेंटर पर एक-दो टैंकर पानी की व्यवस्था कर दें तो,बड़ी राहत होगी, महिला प्रत्याशी अपने छोटे छोटे बच्चे को लाती हैऔर न०मिनेशन सेंटर पर सु. विधा के अभाव में,परेशान रहती है।लोकतंत्र में जनता जनार्धन होते है तो जाहिर है प्रतिनिधि जो बनने वाले है उनको जनता ही बनाएगी,लेकिन व्यवस्था भी नही मिल पाता है,आप भी फील करते होंगे,मीडिया कर्मी भी दिनभर पानी और अन्य सुवीधा की कमी को फील करते होंगे। ऐसा ठिक नहीं है कि सिर्फ अफसर की ही चिंता ही प्रशासन को है,भाकपा माले के पिछले बार 11 जिला परिषद जीते थे,उपाध्यक्ष के पदपर पिछले बार सिर्फ 3 वोट से पीछे थे।

जब आज जिला परिषद का न०मिनशन कर रहे थे नया समाहरणालय भवन में कई सुवीधा का अभाव देखा गया।माले जिला प्रशासन से मांग करती है आमलोगों की भावना को समझे और तत्काल सुधार करने का प्रयास शुरू कर दें,हमने सिर्फ आम जनता और प्रतिनिधि का फ़ीलिंग बताया।

APEM LIVE